प्रेस–विज्ञप्ति

दिनांकः– 04.09.2025

हर वर्ष की भॉति इस वर्ष दिनांक 05.09.2025 को ईद मिलादुन्नबी **(बारावफात)** का पर्व मनाया जायेगा। शहर के विभिन्न जगहों से अखाड़े प्रातः 8.00 बजे रवाना होकर राजकीय उम्मेद स्टेडियम पर एकत्रित होगें। उक्त सभी अखाड़े राजकीय उम्मेद स्टेडियम से प्रातः 10. 00 बजे जुलूस के रूप में रवाना होकर, बम्बा मोहल्ला, हाथीराम का ओडा, साईकिल मार्केट, घण्टाघर चौराहा, नई सड़क, सोजती गेट तिराहा, दुध मंदिर, कांग्रेस कार्यालय, आर.आर. तिराहा से रेल्वे स्टेशन, ओलम्पिक चौराहा, तात् पार्क तिराहा होते हुए ईदगाह पहुंचेगा। इस जुलूस के दौरान सम्पूर्ण रास्ते में जुलूस में शामिल वाहनों के अलावा अन्य सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा। इस हेतु आवश्यकतानुसार यातायात का डायवर्सन निम्नानुसार किया जायेगा।

1. चौपासनी रोड़ से पावटा जाने वाले सभी वाहन 5वी रोड़ से सरदारपुरा सी रोड़, तारघर मोड़, न्यू डीआरएम खतरनाक पुलिया, रोटरी चौराहा, रिक्तिया भैरूजी चौराहा, जेडिए सर्किल, भास्कर चौराहा, रातानाडा पुलिस लाईन, ताराचन्द सर्किल के रास्ते डाईवर्ट किया जायेगा।
2. पावटा से चौपासनी रोड़ की ओर जाने वाले वाहन ताराचंद सर्किल, सर्किट हाउस, भाटिया चौराहा, वी.सी.सर्किल, पीडब्ल्युडी चौराहा, जेडीए सर्किल, भैरूजी चौराहा, डीआरएम खतरनाक पुलिया होते हुए जा सकेगें।
3. जालोरी गेट एवं तारघर मोड़ से नई सड़क, गोराधाय छत्री रोड, पावटा चौराहा के बीच समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा।
4. लोडिंग टैक्सी व हाथठेलों का शहर के भीतरी भागों में जुलूस के दौरान प्रवेश पूर्णतया निषेध रहेगा।
5. शहर के भीतरी भाग में जाने के लिये चौपासनी रोड़ की तरफ से आने वाले छोटे वाहन पांचवी रोड़, सिवांची गेट, बालवाड़ी पुराना दुध का चौहटा होते हुए शहर में जा सकेंगे।
6. मण्डोर रोड़ की तरफ से आने वाले छोटे वाहन खेतसिंह का बंगला, नागौरी गेट, बागर चौक, उम्मेद चौक होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे
7. आपात कालीन सेवाओं में लगे वाहन ऐम्बूलेन्स, अग्निशमन के लिए सभी रास्ते खुले रहेगें।
8. आम नागरिकगणों से अपील की जाती है कि वह यातायात सुगमता को देखते हुए अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करेगें

पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय एवं यातायात
आयुक्तालय जोधपुर